# PVTG के लिये आवास

## प्रलिम्स के लिये:

[प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण](), [विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह](), [प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान](), [जनजाति गौरव दिवस]()

## मेन्स के लिये:

PVTG हेतु सतत् आजीविका, आबादी के कमज़ोर वर्गों के लिये कल्याण योजनाएँ

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

## चर्चा में क्यों?

केंद्र ने 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में **75 विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह (PVTG)** के बीच **प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (PMAY-G)** के पात्र लाभार्थियों की पहचान करने के लिये एक व्यापक सर्वेक्षण और पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की है।

- ग्रामीण विकास मंत्रालय, ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों की पहचान करने के लिये अपने समर्पित ऑनलाइन एप्लीकेशन **Aawas+** ऐप का उपयोग करता है।
- **प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (PM JANMAN)** के तहत **PVTG** के लिये कुल 4.9 लाख आवास निर्माण कराने की योजना है।

## प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (PM JANMAN) क्या है?

- जनजातीय मामलों के मंत्रालय के नेतृत्व में PM JANMAN एक व्यापक योजना के माध्यम से **जनजातीय समुदायों** को मुख्यधारा में एकीकृत करना चाहता है। राज्यों एवं PVTG समुदायों के सहयोग से यह पहल आवास,**स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और आजीविका के अवसरों सहित विभिन्न क्षेत्रों में 11 प्रमुख हस्तक्षेपों पर केंद्रित** है।
- इस योजना की देखरेख 9 संबंधित मंत्रालयों द्वारा की जाएगी, जो PVTG वाले गाँवों में मौजूदा योजनाओं के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करेंगे।
- इस पहल की घोषणा प्रधानमंत्री ने **जनजाति गौरव दिवस- 2023 (15 नवंबर)** को की थी।

//




## प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (PMAY-G) क्या है?

- **परिचय:**
    - यह केंद्र सरकार की एक प्रमुख योजना है। इसका शुभारंभ 1 अप्रैल, 2016 को **ग्रामीण विकास मंत्रालय (MoRD)** द्वारा किया गया था।
    - इस योजना का लक्ष्य ग्रामीण परिवेश के गरीबों के लिये किफायती आवास उपलब्ध कराना है। इसमें जर्जर तथा कच्चे घरों में रहने वाले लोगों को बुनियादी सुविधाएँ एवं स्वच्छ रसोई उपलब्ध कराना शामिल है।
    - PMAY-G के तहत **2.95 करोड़ पक्के घरों के निर्माण के लक्ष्य की निर्धारित समय सीमा 31 मार्च, 2024** है।
- **लाभार्थी:**
    - इसके लाभार्थियों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, PVTG, मुक्त बँधुआ मज़दूर तथा गैर-SC/ST श्रेणियों से संबंधित लोग कार्रवाई में शहीद हुए रक्षा कर्मियों की विधवाएँ अथवा करीबी नातेदार, पूर्व सैनिक एवं अर्धसैनिक बलों के सेवानिवृत्त सदस्य, दिव्यांग व्यक्ति व अल्पसंख्यक शामिल हैं।
- **कॉस्ट शेयरिंग:**
    - यूनिट सहायता की लागत केंद्र तथा राज्य सरकारों के बीच **मैदानी क्षेत्रों में 60:40** एवं **उत्तर पूर्वी व पहाड़ी राज्यों के लिये 90:10** के अनुपात में साझा की जाती है।
- **विशेषताएँ:**
    - PVTG में **PMAY-G घरों की इकाई लागत बढ़ाकर 2 लाख रुपए कर दी गई है** , जबकि मैदानी क्षेत्रों में यह 1.2 लाख रुपए तथा पहाड़ी क्षेत्रों में 1.30 लाख रुपए है।
    - **PMAY-G** लाभार्थी शौचालय निर्माण के लिये 12,500 रुपए की अतिरिक्त वित्तीय सहायता और**राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना (NREGS)** के तहत 90 दिनों के काम का लाभ उठा सकते हैं, जिससे कुल लाभ 2.39 लाख रुपए हो जाएगा।

## भारत के PVTGs क्या हैं?

- 75 PVTGs में से अधिकतम **13 ओडिशा में हैं**, इसके बाद 12 आंध्र प्रदेश में हैं।



jor-Tribes-in-India.png

- **PVTGs के लयि अन्य पहलें:**
  - जनजातीय गौरव दविस
  - वकिसति भारत संकल्प यात्रा
  - पी.एम. पी.वी.टी.जी. मशिन

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा , वगित वर्ष प्रश्न

## ??????????:

**प्रश्न. भारत में वशिष्टित: असुरक्षति जनजातीय समूहों ख्पर्टकिुलरली वल्नरेबल ट्राइबल ग्रुप्स (PVTGs)] के बारे में नम्निलखिति कथनों पर वचािर कीजयि: (2019)**

1. PVTGs देश के 18 राज्यों तथा एक संघ राज्यक्षेत्र में नविास करते हैं।
2. स्थरि या कम होती जनसंख्या, PVTG स्थतिकि नर्धिारण के मानदंडों में से एक है।

3. देश में अब तक 95 PVTGs आधकिारकि रूप से अधसिूचति हैं।
4. PVTGs की सूची में ईरूलार और कोंडा रेड्डी जनजातियाँ शामलि की गई हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(a) 1, 2 और 3
(b) 2, 3 और 4
(c) 1, 2 और 4
(d) 1, 3 और 4

**उत्तर: (c)**

---

## *?????:*

**प्रश्न. स्वतंत्रता के बाद अनुसूचति जनजातियों (एस.टी.) के प्रतभिेदभाव को दूर करने के लयि, राज्य द्वारा की गई दो प्रमुख वधिकि पहलें क्या हैं? (2017)**

**प्रश्न. क्या कारण है कभिारत में जनजातियों को 'अनुसूचति जनजातियाँ' कहा जाता है? भारत के संवधिान में प्रतषि्ठापति उनके उत्थान के लयि प्रमुख प्रावधानों को सूचति कीजयि। (2016)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/housing-for-pvtgs